दैनिक भास्कर 25/03/2023

# पंजाबी काव्य उच्चारण में लवदीप प्रथम



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के पंजाबी विभाग ने पंजाबी काव्य उच्चारण प्रतियोगिता कराई। विद्यार्थियों ने आधुनिक पंजाबी काव्य, मध्य-काव्य की कविताओं का उच्चारण पढ़कर और गाकर किया। बीएससी द्वितीय वर्ष के लवदीप सिंह ने पहला, बीए तृतीय वर्ष की मनप्रीत कौर ने दूसरा, बीए द्वितीय वर्ष की अंशिका ने तीसरा व बीए तृतीय वर्ष के लवदीप सिंह ने चौथा, बीएससी द्वितीय वर्ष के अजय ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने विश्व काव्य साहित्य में पंजाबी साहित्य के योगदान के बारे में चर्चा की। मंच संचालन विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ. जसवीर कौर ने किया। प्रिंसिपल ने विजेता विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।